

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

खुशी कपूर ने करवाई प्लास्टिक सर्जरी

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 ■ अंक : 275 ■ बुधवार, 29 जनवरी 2025 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

@ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com

## उल्हासनगर मनपा के इतिहास में पहली बार

# IAS महिला आयुक्त मनीषा आव्हाले ने किया ध्वजारोहण



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका की स्थापना 1996 में हुई थी। इसके इतिहास में पहली बार महिला आईएएस अधिकारी मनीषा आव्हाले के आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया।

मनीषा आव्हाले ने 16 जनवरी को मनपा आयुक्त के रूप में नियुक्त होने के बाद गणतंत्र दिवस पर मनपा परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आयुक्त मनीषा आव्हाले, अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गवस ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान किया। मनपा खेल विभाग द्वारा अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए आयोजित विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिए गए। साथ ही कड़ी मेहनत के कारण मनपा लेखा विभाग के कार्य एवं समर्पण को देखते हुए लेखा विभाग को हाल ही में आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में अतिरिक्त आयुक्त जमीर लेंगरेकर, किशोर गवस, मुख्य लेखाकार किरण भिलारे, महालेखा परीक्षक शरद देशमुख, उपायुक्त विशाखा मोटघरे, विजय खेडकर, अजय साबले, वार्ड अधिकारी गणेश शिम्पी, मनीष हिवारे, अलका पवार, सलोनी निवकर, सुनील लोढे, शहर अभियंता तरुण सेवकानी, मनपा सचिव प्राजक्ता कुलकर्णी, जनसंपर्क अधिकारी छाया डांगले, कर निर्धारणकर्ता और कलेक्टर नीलम कदम, जल आपूर्ति विभाग के कार्यकारी अभियंता परमेश्वर बुडगे, मुख्य बाजार निरीक्षक विनोद केने, सुरक्षा अधिकारी यशवंत कोश. सिस्टम विश्लेषक श्रद्धा बाविस्कर, इस अवसर पर खेल विभाग प्रमुख शांताराम चौधरी, चिकित्सा अधिकारी मोहिनी धर्मा, विधि विभाग प्रमुख राजा बुलानी, अग्निशमन अधिकारी सुरेश बोंम्बे, विकलांग कल्याण विभाग प्रमुख राजेश घनघाव, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी, पूर्व नगरसेवक महेश सुखरामानी, जमुना पुरसवानी, भगवान भालेराव उपस्थित थे।

# मनपा-नपा चुनाव में विलंब तय

- सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई टली
- अगली सुनवाई 25 फरवरी को
- अभी और करना पड़ेगा इंतजार





**उल्हासनगर.** लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बाद अब राज्य की जनता की नजर महानगरपालिका और नगरपालिका चुनावों पर है। महानगरपालिका और नगरपालिका के चुनाव का मामला पिछले 4 वर्षों से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। ओबीसी के लिए राजनीतिक आरक्षण के मुद्दे के कारण चुनाव में देरी होने के संकेत है. इस बीच 23 जनवरी को को सुप्रीम कोर्ट में चुनाव और ओबीसी आरक्षण को लेकर सुनवाई हुई. लेकिन कोर्ट ने फिर सुनवाई के लिए अगली तारीख दे दी है। इसलिए, ऐसे संकेत हैं कि महानगरपालिका और नगरपालिका के चुनावों में और विलंब होना तय है.

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई की तारीख 25 फरवरी तय की है। विधानसभा चुनावों के बाद अब हर पार्टी की नजर महानगरपालिका और नगरपालिका चुनावों पर है। राजनीतिक दलों ने भी इसके लिए मोर्चा बनाना शुरू कर दिया है। लेकिन राजनेताओं समेत आम जनता को भी चुनावों के लिए कुछ समय तक इंतजार करना होगा।

ओबीसी आरक्षण के मुद्दे में देरी के कारण राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। इस याचिका के माध्यम से न्यायालय से चुनाव कराने का अनुरोध किया गया था। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि ओबीसी आरक्षण हो या न हो, चुनाव कराए जाने चाहिए।

इस बीच, मुख्यमंत्री ने हाल ही में आयोजित भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन में संकेत दिया था कि राज्य में जल्द ही चुनाव होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि वह जल्द चुनाव कराने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन 23 जनवरी की सुनवाई में सरकारी पक्ष को एक बार फिर निराशा हाथ लगी है। अगली सुनवाई 25 फरवरी को होगी और यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस बार क्या निर्णय लिया जाता है.

महाराष्ट्र में सभी नगर निगमों, 76% जिला परिषदों, 67% नगर परिषदों और 82% पंचायत समितियों के चुनाव में देरी हुई है। कुछ स्थानीय निकायों के लिए यह स्थिति कई वर्षों से है। इन निकायों का संचालन निर्वाचित प्रतिनिधियों द्वारा नहीं बल्कि एक प्रशासक नामक राज्य द्वारा नियुक्त नौकरशाह द्वारा किया जा रहा है।

## पूर्व नगरसेवकों की लूट खसोट जारी

**उल्हासनगर महानगरपालिका का कार्यकाल तो समाप्त हो चुका है लेकिन पूर्व नगरसेवकों की अभी भी ठेकेदारों, अवैध निर्माणों से लूट खसोट जारी है। सूत्रों के अनुसार खबर मिली है कि शहर के कई पूर्व नगरसेवक आज भी मनपा कार्यालय में वार्ड के कार्य के लिए अधिकारी व ठेकेदार से विकास कार्य हेतु कमिशन लेते हैं और अपने वार्ड में अवैध निर्माणों से भी वसूली कर रहे हैं जबकि वो अब नगरसेवक पद पर नहीं है। लेकिन उनके द्वारा ब्लैकमेलिंग धड़ल्ले से चल रही है। कुछ नगरसेवक तो अपने वार्ड व मनपा पीडब्ल्यूडी व टीपीडी विभाग में गुंडागर्दी करके वसूली कर रहे हैं। वार्ड विकास फंड से अपना कमिशन ले रहे हैं। जिस तरह चुनाव में भी लाखों रुपए बिना किसी नगरसेवक पद से मिलते हैं उसी तरह नगरसेवक पद न होते हुए भी शहर को लूट रहे हैं।**

# अब बांग्लादेशियों की खैर नहीं

- बांग्लादेशी की जानकारी देने वाले को 1,111 का ईनाम
- व्यापारी जांच के बाद कर्मचारी रखे




**उल्हासनगर.** पुलिस को सूचना मिली थी कि उल्हासनगर में पिछले कुछ समय से कई बांग्लादेशी नागरिक शहर में घुसपैठ कर अवैध रूप से रह रहे हैं, जिसके बाद पुलिस ने उल्हासनगर शहर में छापेमारी कर अब तक 12 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। कुछ दिन पहले ही एक बांग्लादेशी नागरिक ने अभिनेता सैफ अली खान के घर में घुसकर उन पर हमला किया था। आरोपी को ठाणे से पकड़ा गया। जिसके बाद प्रशासन सतर्क हो गया और जिले में बांग्लादेशियों को पकड़ने की मुहिम तेज हो गई। बांग्लादेशियों की धर पकड़ अभी भी जारी है। अब शिवसेना नेता राजेंद्र सिंह भुल्लर महाराज ने अपने क्षेत्र में रहने वाले बांग्लादेशी नागरिकों के बारे में जानकारी देने वाले को 1 हजार 111 रुपये का इनाम देने की घोषणा बैनर द्वारा दी है और व्यापारियों को अपील की है कि वे किसी भी व्यक्ति को काम पर रखने से पहले उसकी जांच कर लें।

# पुराने विवाद पर युवक की हत्या

- रेलवे ट्रैक पर मिला शव
- हत्यारे दोस्त फरार



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में पुराने विवाद को लेकर एक युवक की हत्या कर दी गई है। पुलिस को संतोष साल्वे का शव उल्हासनगर रेलवे ट्रैक के पास मिला। संतोष साल्वे उल्हासनगर 5 स्थित वीर तानाजी नगर का रहने वाला है और फिलहाल मानेरा गांव में रह रहा था। रविवार शाम को रेलवे ट्रैक पर मृत पाया गया। संतोष को उसके दोस्त करण बालू उकिर्डे और अजय माली ने पार्टी करने के उद्देश्य से उल्हासनगर स्टेशन आम्रपाली रेलवे ट्रैक के पास बुलाया था। संतोष के भाई ने पुलिस को बताया है कि पुराने विवाद के चलते संतोष की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी गई। संतोष के शव को पोस्टमार्टम के लिए सेंट्रल अस्पताल में लाया गया है। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए हैं और रेलवे पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# चलती लोकल से गिरकर युवक की मौत

## मृतक उल्हासनगर का निवासी व मां-बाप का इकलौता बेटा था

उल्हास विकास संवाददाता



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक सिगनल से सर टकराने से चलती लोकल ट्रेन से गिरने से उल्हासनगर निवासी युवक की मौत हो गई. उस युवक का नाम श्रावण खंदारे (32) बताया गया है, जो कि उल्हासनगर के सम्राट अशोक नगर का निवासी है. वह सोमवार को उल्हासनगर से अंबरनाथ लोकल ट्रेन में सफर करके आ रहा था. श्रावण लोकल के दरवाजे पर खड़ा था. उल्हासनगर का पुल क्रॉस करने के बाद उसका सर लोकल पटरी के नजदीक के सिगनल से टकरा गया और नीचे गिर गया. जिसकी कारण उसके सर पर गंभीर चोटें आने से और रक्त ज्यादा बह जाने से उसकी मौत हो गई. उसके हाथ पर भी चोटें आईं.

श्रावण के बारे में पता चला है कि वह उल्हासनगर के एक पैकिंग कंपनी में काम करता था. वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था. लोकल से गिरने के बाद उसे रेलवे पुलिस एवं नागरिकों ने गंभीर घायल हालत में सेंट्रल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. उल्हासनगर से अंबरनाथ आते समय एक सिगनल पटरी के करीब होने से इस सिगनल से टकराकर प्रवासियों की मौत हो रही है.

# महावितरण ने 17 ग्राहकों को बिजली चोरी करते पकड़ा

- 20.53 लाख रुपए की बिजली चोरी पकड़ी गई

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व में महावितरण द्वारा 17 ग्राहकों को बिजली चोरी के मामले में पकड़ा है. इन लोगों ने बिजली मीटर में छेड़छाड़ कर के मीटर को स्लो करके बिजली चोरी की है. गत 15 दिनों से यहां पर हर घर बिल्डिंग के फ्लैट एवं शॉप के मीटर एक्युचेक द्वारा जांच किए गए. मीटर में यंत्रणा बिठाकर बिजली चोरी की गई है. ऐसा महावितरण के अधिकारी ने बताया है. 2 हफ्ते में 1800 सिंगल फेज मीटर चेक किए गए. संशयास्पद 17 मीटर ग्राहकों के सामने मीटर चेक किए गए. इन 17 ग्राहकों से 20 लाख 53 हजार 640 रुपए वसूल करने का नोटिस दिया गया है. इन 17 लोगों ने 86,665 यूनिट बिजली चोरी की है. कल्याण परिमंडल के अभियंता धनंजय औंढेकर एवं कल्याण 2 मंडल कार्यालय अधीक्षकअभियंता दिलीप भोले के मार्गदर्शन में बिजली चोरी की जांच शुरू है. महावितरण ने कहा है कि बिजली मीटर की एक्युचेक द्वारा मुहिम जारी रहेगी. महावितरण द्वारा बिजली चोरी के पकड़े जाने से बिजली चोरों में खलबली मच गई है. 20 लाख 53 हजार रुपए वसूल करने के लिए नोटिस जारी की गई है.

# होर्डिंग्स पर युवाओं का नेताओं से सवाल

- लोकतंत्र के जश्न के लिए बैनर नहीं
- शहर कार्य पर वाहवाही लूटते
- खस्ता हालत शहर की जिम्मेदारी नेता लें
- भावी पार्षद कहां हैं?
- गणतंत्र दिवस को महत्व क्यों नहीं?




**उल्हासनगर.** 26 जनवरी को पूरे देश में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है, ऐसे में अंबरनाथ के तीन युवकों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से एक गंभीर सवाल पूछा है। भरत दवारे, प्रशांत गिरबड़े और प्रथमेश कांबले ने एक पोस्टर लगाया है, जिसमें उन्होंने स्थानीय नेताओं पर व्यंग्यात्मक सवाल उठाए हैं। जन्मदिन के बैनर के लिए होर्डिंग्स की कमी हो गई होगी, लेकिन लोकतंत्र के जश्न के लिए एक भी बैनर नहीं है। भावी पार्षद कहां हैं?

इस पोस्टर में स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए इन युवाओं ने गणतंत्र दिवस समारोह को अपेक्षित महत्व नहीं दिए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि जन्मदिन मनाने के लिए तो तरह-तरह के बैनर और होर्डिंग्स लगाए जाते हैं, लेकिन इसकी तुलना में गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण दिन पर एक भी बैनर को जगह नहीं दी जाती। इस मुद्दे पर नागरिकों के बीच बहस छिड़ गई है। कई नागरिकों का कहना है कि गणतंत्र दिवस समारोह को अधिक महत्व दिया जाना चाहिए। विशेषकर स्थानीय नेताओं को इसके प्रति जागरूकता दिखानी चाहिए, ताकि लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण दिन को उसका उचित स्थान दिया जा सके। यह पोस्टर विशेष रूप से आगामी पार्षद चुनाव के संदर्भ में महत्वपूर्ण है। इन युवाओं का मुख्य लक्ष्य स्थानीय स्तर पर जागरूकता पैदा करना है। अंततः, संदेश स्पष्ट है - लोकतंत्र के उत्सव को अन्य व्यक्तिगत उत्सवों के समान महत्व दिया जाना चाहिए। वहीं इस बात पर भी चर्चा है कि शहर विकास कार्य पर नेता वाहवाही तो बैनर पर लूटते हैं लेकिन खस्ता हालत शहर की जिम्मेदारी भी नेता इन बैनरों पर लें।

# अंबरनाथ श्मशान भूमि में गैस शवदाहिनी कार्यान्वित



- शिवसैनिक विकास सोमेश्वर की चेतावनी रंग लाई
- अब मुफ्त में हो सकेगा अंतिम संस्कार

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में गत 4 वर्षों से शहर पश्चिम कैलाश नगर स्थित श्मशान भूमि में शवदाहिनी बंद पड़ी थी. शिवसैनिक विकास सोमेश्वर ने नपा प्रशासन को एक पत्र देकर चेतावनी दी थी कि अगर 15 दिनों के भीतर ये शवदाहिनी शुरू नहीं की गई तो वह नगर परिषद की शवयात्रा निकालकर उसका अंतिम संस्कार करेंगे.

इस चेतावनी से प्रशासन हिल गया. मुख्याधिकारी पराडकर ने 14 दिनों में गैस शवदाहिनी को शुरू कर दिया है. सोमेश्वर ने बताया कि जो कार्य 4 वर्षों में नहीं हो सकता, उनके आंदोलन के इशारे के कारण 14 दिनों में पूरा हो गया है. उन्होंने श्मशान भूमि में स्वतः जाकर गैस शवदाहिनी के शुरू किए जाने के कार्य को देखा. उनके साथ युवा सेना शिवसेना शहर प्रमुख राहुल सोमेश्वर और ट्रस्ट के लोग थे. विकास ने पत्रकारों को बताया कि गत 4 वर्षों से गरीबों को उनके परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए गैस शवदाहिनी बंद होने के कारण लकड़ी से अंतिम संस्कार करने के लिए 2-3 हजार रुपए खर्च करने पड़ते थे. अब शवदाहिनी से ये कार्य मुफ्त में होगा. ट्रस्ट ये कार्य करेगी और ट्रस्ट को नगर परिषद रकम अदा करेगी. कोई भी अंतिम संस्कार के लिए रकम ना दें. ऐसा आह्वान उन्होंने शहरवासियों से किया है. उन्होंने मुख्याधिकारी पराडकर का आभार व्यक्त किया है.

# पत्रकार पंजू बजाज पर जानलेवा हमला



**उल्हासनगर.** दैनिक 'हिंदमाता मिरर' के संपादक पंजू बजाज पर दो अज्ञात नकाबपोश हमलावारों ने चॉपर, चाकू व लोहे की रॉड जैसे धारदार हथियार से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले में पंजू बजाज जब लुहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े तब अधमरे हालत में अज्ञात हमलावार पंजू बजाज को छोड़कर फरार हो गये. पंजू बजाज पर हुए प्राणघातक हम्ले का विभिन्न पत्रकार संगठनाओ ने विरोध करते हुए डीसीपी सचिन गोरे से अविलम्ब आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की है.

पंजू बजाज देर रात आफिस के बाहर पंजू अपने पड़ोस में रहने वाले मोहित करीदा और धीरज खियानी के साथ बात करते खड़े थे। तभी मोटर साइकिल पर दो नकाब पोष अज्ञात लोग आये और पंजू को पहले धक्का दिया और जब पंजू ने उनका प्रतिरोध किया तो हथियार लैस दोनों मास्कधारी आरोपियों में से एक ने पिस्टल जैसा रिव्हलवर पंजू पर ताना और दूसरे ने चापर जैसे धारदार हथियार से पंजू के सिर पर सपासप वार करना शुरू कर दिया। जब पंजू जमीन पर गिरा तब अज्ञात हमलावारों ने पंजू के पैरों पर लोहे की राड से बेरहमी से हमला किया और बेहोश हो जाने के बाद दोनो अज्ञात हमलावर फरार हो गए।

# उल्हासनगर में कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन

- रोहित सालवे के नेतृत्व में चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन



**उल्हासनगर.** राष्ट्रीय चुनाव आयोग की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज उल्हासनगर कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर में चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष रोहित सालवे के नेतृत्व में आंदोलन हुआ जहां चुनाव आयोग पर आरोप लगाया गया कि आयोग बीजेपी पार्टी का काम कर रही हैं. साथ ही विपक्षी दल लगातार मांग कर रहे हैं कि ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाएं. इसी के तहत आज कांग्रेस ने चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन किया. उल्हासनगर के शहरों में चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस बार कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में पोस्टर लिए हुए थे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चुनाव आयोग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और तहसीलदार को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

# भारत की संस्कृति और परंपराओं से सजा BBRT इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक समारोह

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर के पास कांबा गांव में स्थित प्रसिद्ध बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल ने अपना दूसरा वार्षिक उत्सव 24 और 25 जनवरी को स्कूल के मैदान में भव्य रूप से आयोजित किया। यह आयोजन छात्रों और उनके परिजनों की भारी उपस्थिति से खचाखच भरा हुआ था। इस वर्ष का वार्षिक उत्सव 'वासुदेव कुटुंबकम्' यानी 'दुनिया एक परिवार' की थीम पर मनाया गया। स्कूल के छात्रों ने भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति, परंपराओं और विशेषताओं को नृत्य और नाटकों के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल का दूसरा वार्षिक उत्सव कार्यक्रम दो दिवसीय रहा जहां पहले दिन पर प्री-प्राइमरी सेक्शन के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं वहीं दूसरे दिन पर प्राइमरी सेक्शन के बच्चों का प्रदर्शन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के ट्रस्टी डॉ लाल तनवानी, प्रो नरेश भाटिया, डॉ गुणवंत बंगाले, गोपाल रावलानी के साथ-साथ संदीप भाटिया, दीपेश तनवानी, यश रावलानी, प्रतिक रावलानी व प्रीतम बंगाले ने अकादमिक टॉपर्स, स्टूडेंट ऑफ द ईयर व स्पोर्ट्स में अव्वल रहे बच्चों को सम्मानित किया। बच्चों को सम्मानित होते देख उनके माता-पिता गर्व से अभिभूत हो उठे।






इस मौके पर अपने संबोधन में स्कूल के ट्रस्टी डॉ लाल तनवानी ने अपने प्रेरक शब्दों से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि बीबीआरटी स्कूल की स्थापना पैसे कमाने के लिए नहीं, बल्कि समाज में कुछ अलग और सकारात्मक बदलाव लाने के लिए की गई है। 35 साल तक पढ़ाने के अनुभव से उन्होंने व उनके साथी ट्रस्टियों ने महसूस किया कि केवल पढ़ाई पर जोर देना काफी नहीं है, बल्कि बच्चों को संस्कार, अनुशासन और अच्छे जीवन मूल्यों से समृद्ध करना भी बेहद जरूरी है। लाल सर ने बच्चों को मिट्टी के घड़े की तरह बताया, जिसे जैसा आकार देंगे, वह वैसा ही बनेगा। उन्होंने कहा कि अगर कोई घड़ा टेढ़ा बनता है, तो यह घड़े की नहीं बल्कि उसे बनाने वाले की गलती होती है। इसी तरह, अगर बच्चे गलतियां करते हैं या बात नहीं सुनते, तो यह समाज, स्कूल, शिक्षकों और माता-पिता की जिम्मेदारी है। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को समय दें और उन्हें सही मार्गदर्शन देकर उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाएं। उन्होंने यह भी बताया कि आज के बच्चे छोटी उम्र में ही धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल रहे हैं, जो देखकर खुशी होती है। अगर वे यह कर सकते हैं, तो उन्हें भगवद गीता का श्लोक पढ़ाना या अन्य अच्छे संस्कार देना भी संभव है। बीबीआरटी स्कूल की स्थापना इसी सोच के साथ की गई कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी दिए जा सकें। उन्होंने गर्व से कहा कि स्कूल की शिक्षिकाएं न केवल 700 बच्चों को संभालती हैं, बल्कि उनमें गुणवत्ता और अच्छे मूल्य भी भरती हैं। उन्होंने अंत में बीबीआरटी स्कूल पर भरोसा जताने और उनके पाठ्यक्रम को अपनाने के लिए सभी माता-पिता का आभार व्यक्त किया।

बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल के दूसरे वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूल के ट्रस्टीज द्वारा बीबीआरटी इंटरनेशनल स्कूल बुलेटिन के पहले संस्करण का उद्घाटन किया। जिसमें स्कूल व स्कूल के बच्चों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियां प्रकाशित की गई है। बहरहाल बीबीआरटी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक उत्स्व के सफल आयोजन में स्कूल की वाईस प्रिंसिपल हर्षिता शेट्टी समेत टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ की अहम् भूमिका रही।

**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

# मुंबई आतंकी हमले में इंसाफ का कठघरा

वर्ष 2008 में हुए मुंबई आतंकी हमलों की याद आज भी दिल दहला जाती है। तब जो हुआ था, उसे दुनिया का सबसे बर्बर आतंकी हमला माना जा सकता है। उसके बाद उसमें शामिल आतंकवादियों को पकड़ने से लेकर सजा तक पहुंचाने को लेकर समूचे सरकारी तंत्र ने जितना संभव हो सका, किया। मगर अब भी कुछ ऐसे आतंकी देश के कानूनी दायरे से बाहर हैं, जो किसी तरह अन्य देशों में भाग गए, उन्हें वापस लाने के लिए वहां की कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ रहा था।

भारत हर स्तर पर उन अपराधियों को सजा दिलाने की कोशिश करता रहा है। मुंबई हमले के एक अभियुक्त तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से प्रत्यर्पित किए जाने की मांग उनमें से एक थी। तहव्वुर राणा इस मांग का विरोध कर रहा था और उसने अमेरीकी सुप्रीम कोर्ट में अपने प्रत्यर्पण के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। मगर अब राणा की भारत को प्रत्यर्पित करने संबंधी पुनर्विचार याचिका को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इस तरह राणा को भारत लाकर उस पर कानूनी प्रक्रिया चलाने का रास्ता साफ हो गया है।

## जल्द से जल्द भारत लाने की होगी प्रक्रिया

मुंबई हमले में जिनके परिजन मारे गए थे, उनकी पीड़ा जगजाहिर है। अजमल कसाब को उसके किए की सजा मिल चुकी है। हमले का एक आरोपी पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा अभी अमेरिका की जेल में है। दरअसल, राणा को अपने दोस्त डेविड कोलमैन हेडली के साथ मुंबई हमले में भागीदारी करने और इसके बाद डेनमार्क में आतंकी हमले की योजना बनाने का दोषी पाया गया था। लेकिन मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के संदर्भ में उसकी भूमिका के मद्देनजर भारत अपनी अदालत में उस पर मामला चलाना चाहता है।

यह भी सच है कि हमले के बाद इतना लंबे वक्त तक अगर उसे भारत लाकर मुकदमा चलाना संभव नहीं हो पाया, तो उसकी वजह यही होगी कि समय पर कूटनीतिक पहल नहीं हुई। अब अगर उसके भारत में प्रत्यर्पण की स्थिति बनी है तो सरकार को कोई अन्य और नई अड़चन खड़ी होने से पहले उसे भारत लाकर कानून के कठघरे में खड़ा करना चाहिए और शीघ्र इंसाफ सुनिश्चित करना चाहिए।

# नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई, कोई कसर न छोड़े सरकार

पिछले साल केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने घोषणा की कि मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद समाप्त कर दिया जाएगा। नक्सल हिंसा में कमी आने के बावजूद अभी भी 10 राज्यों में 38 जिले नक्सलवाद से प्रभावित हैं। इन 38 में 15 जिले छत्तीसगढ़ में हैं जिनमें सात अत्यधिक प्रभावित हैं।

विगत वर्ष केवल छत्तीसगढ़ में 220 नक्सली मुठभेड़ में मारे गए, जो न केवल किसी एक वर्ष में सबसे अधिक है, बल्कि उनमें दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के कम-से-कम दो सदस्य भी सम्मिलित थे। हाल की गरियाबंद मुठभेड़ में 14 से अधिक नक्सलवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं। उनमें कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (माओवाद) की सर्वोच्च केंद्रीय कमेटी का एक सदस्य भी सम्मिलित है। इन आंकड़ों से नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्र के सिकुड़ने के लक्षण स्पष्ट दिखाई देते हैं।

इसका एक मुख्य कारण केंद्रीय और राज्य सरकारों की मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति भी है। यह नक्सलवाद जैसी समस्या से निपटने के लिए जरूरी है, क्योंकि यह समस्या केवल छत्तीसगढ़ तक सीमित नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों में समन्वय इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि 'पुलिस' और 'लोक व्यवस्था' भारतीय संविधान की राज्य सूची के अंतर्गत है और छत्तीसगढ़ सहित समस्त प्रभावित राज्यों में बड़ी संख्या में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात हैं।

विगत वर्षों में सुरक्षा बलों ने दूरस्थ इलाकों में कई नए सुरक्षा-कैंप स्थापित किए हैं। केवल छत्तीसगढ़ में राज्य बलों के अलावा केंद्रीय बलों की कम-से-कम 54 बटालियन तैनात हैं।




राज्य के जिला रिजर्व गार्ड और बस्तर फाइटर बल भी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) सहित इन्हीं इलाकों में तैनात हैं, जो अधिकांशतः स्थानीय निवासी हैं, जिससे नक्सलवाद के विरुद्ध लड़ाई में मदद मिल रही है।

विगत वर्ष के दो बड़े नक्सल-विरोधी आपरेशन स्थानीय सुरक्षा बलों के नेतृत्व में ही संचालित किए गए थे जिनमें कुल 64 नक्सली मारे गए। यद्यपि केंद्रीय बलों की भूमिका अग्रणी इलाकों में सुरक्षा कैंप स्थापित करने में अति-महत्वपूर्ण है और उन्हें नक्सल विरोधी अभियानों में भी किसी भी तरीके से कम आंका नहीं जा सकता, फिर भी राज्य के सुरक्षा बलों की यह प्राथमिक जिम्मेदारी बन जाती है कि वे नक्सल-विरोधी अभियानों का नेतृत्व करें।

नक्सलवाद की समाप्ति के लिए आत्म-समर्पित नक्सलियों का समुचित पुनर्वास करना भी जरूरी है। केंद्र और छत्तीसगढ़, दोनों की नीतियों में आत्म-समर्पण करने वाले नक्सली को एक-मुश्त राशि देने का प्रविधान है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद से पीड़ितों के साथ-साथ आत्म-समर्पित नक्सलियों को भी सरकारी नौकरी देने का प्रविधान है, जबकि केंद्र की नीति में आत्म-समर्पित नक्सलियों को कौशल-विकास एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण देने का प्रविधान है। हालांकि अभी तक एक भी आत्म-समर्पित नक्सली को ऐसे प्रशिक्षण का लाभ चिह्नित केंद्रों में नहीं दिया गया है, इसलिए दोनों नीतियों में बेहतर पुनर्वास के लिए कुछ संशोधन की आवश्यकता है। इनमें जो भी लोग सरकारी नौकरी के लिए उपयुक्त नहीं पाए जाते उन आत्म-समर्पित नक्सलियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर नौकरी के योग्य बनाया जाना जरूरी है। ऐसे प्रशिक्षण केंद्र जिला प्रशासन के स्थान पर पुलिस के संरक्षण में चलाना बेहतर होगा।

आत्म-समर्पित नक्सलियों को दो कमरों का आवास भी निःशुल्क प्रदान करना जरूरी है। जो नक्सली पूर्णकालिक पार्टी सदस्य बन जाते हैं, वे आत्म समर्पण करने पर अपने गांव वापस नहीं जा सकते, बल्कि उनके परिवार-जनों को भी अक्सर वहां से भगा दिया जाता है। ऐसी स्थिति में केंद्र सरकार की नीति अनुसार एक कमरे का मकान देना पर्याप्त नहीं होगा। छत्तीसगढ़ में हाल में 'नियद-नेललानार' (आपका अच्छा गांव) योजना चालू की गई है जिसके अंतर्गत सुरक्षा-कैंप की पांच किलोमीटर की परिधि में आने वाले समस्त गांवों को आंगनबाड़ी, पीडीएस शाप, बैंक या पोस्ट आफिस की शाखा, डिस्पेंसरी आदि 25 सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। ये सुविधाएं लगभग 50 कैंपों के इर्द-गिर्द करीब 200 गांव को उपलब्ध कराई जाएंगी, परंतु शासन को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जिन इलाकों में नक्सलवाद सिकुड़ रहा है, वहां विकास के कार्य तेज गति से हों और प्रशासकीय एवं राजनीतिक शून्यता समाप्त हो ताकि नक्सलियों का प्रभाव समाप्त किया जा सके।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

ध्यानाभ्यास के द्वारा जीवन के वो सभी रहस्य जो मानवता को उलझाए हुए हैं, सुलझ जाते हैं।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रुहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# संसदीय समितियों में सहमति की बजाय हो रहा हंगामा

संसदीय समितियों से अपेक्षा की जाती है कि जिन विधेयकों पर सदन में सहमति न बन पाए, उन पर कानूनी दृष्टि से विचार-विमर्श कर सुझाव पेश करें। कई बार कुछ विधेयकों या कानूनों में संशोधनों पर विपक्ष आपत्ति उठाता और उन्हें संयुक्त संसदीय समिति में विचार की मांग करता है। ऐसा इसीलिए होता है कि संसदीय समितियों की निष्पक्षता पर सबको भरोसा होता है। संवैधानिक भावना यह है कि संसदीय समितियों को सत्तापक्ष के दबदबे से दूर रखा जाए, ताकि विचार के लिए आए विषयों पर तार्किक और निष्पक्ष ढंग से विचार हो सके। मगर पिछले कुछ समय से जिस तरह संयुक्त संसदीय समितियों में हंगामे देखे गए हैं, उससे उनकी प्रासंगिकता पर ही सवाल उठने लगे हैं। वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति में एक बार फिर हंगामा हुआ और उसके अध्यक्ष ने दस विपक्षी सांसदों को एक दिन के लिए निलंबित कर दिया। विपक्षी सांसदों का आरोप था कि अध्यक्ष सरकार के इशारों पर काम कर रहे हैं और वे विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका ही नहीं देना चाहते। इसकी लिखित शिकायत भी उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष को भेजी है।

दरअसल, सरकार ने वक्फ कानूनों में संशोधन का विधेयक तैयार किया है। उसके मुताबिक वक्फ के फैसलों को भी अदालत में चुनौती दी जा सकती है। फिर, कोई भी ऐसी जमीन, जिसे दान में नहीं दिया गया है और वहां मस्जिद या अन्य इबादतगाह बनाई गई है, तो उसे अवैध कब्जा माना जाएगा। दरअसल, इस संशोधन को लेकर मुसलिम धर्मगुरुओं, नेताओं और विपक्ष ने आशंका जाहिर की थी कि सरकार नए



संशोधन कानून के जरिए वक्फ की संपत्ति पर कब्जा करना चाहती है। इसलिए सदन में बिना बहस के ही सरकार ने उस विधेयक को संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विचार के लिए भेज दिया था।

समिति को अपने सुझाव बजट सत्र में पेश करना है। मगर जिस तरह समिति की बैठकें हंगामे की भेंट चढ़ती रही हैं, उससे नहीं लगता कि कोई सर्वमान्य फैसला हो पाएगा। इस संशोधन विधेयक के खिलाफ कई मुसलिम संगठन भी संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विरोध जता चुके हैं। किसी संयुक्त संसदीय समिति में जब भी अध्यक्ष सत्तापक्ष का होता है, तो ऐसे विवाद की गुंजाइश बनी ही रहती है। वक्फ कानून वैसे भी संवेदनशील विषय है, इसलिए अगर इस पर राजनीतिक नफे-नुकसान के मद्देनजर विचार रखे जाएंगे, तो उनके निष्पक्ष रहने का दावा नहीं किया जा सकता।

सरकार के पिछले कार्यकाल के वक्त भी संसदीय समितियों के गठन और उनके अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर खासा विवाद उठा था। जिन समितियों के अध्यक्ष पद पर सत्तापक्ष के किसी सांसद को नहीं नियुक्त किया जाना चाहिए, उन पर भी सत्तापक्ष काबिज हो गया था। तब भी संसदीय समितियों की प्रासंगिकता पर सावल उठे थे। संयुक्त संसदीय समिति में हर दल और पक्ष के लोग रखे ही इसलिए जाते हैं, कि वहां किसी विवादित विषय पर हर कोण से विचार-विमर्श हो सके और एक सर्वमान्य, सर्वहितकारी कानून बनाया जा सके।

मगर शायद यह मकसद अब गौण मान लिया गया है और इन समितियों को भी राजनीतिक रस्साकशी का मंच बना दिया गया है। इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। अध्यक्ष और विपक्षी दलों को भी आपसी सहमति बनाने की कोशिश करनी चाहिए, वरना संयुक्त संसदीय समितियां एक दिखावा भर बन कर रह जाएंगी।


# प्रिंसिपल ने मदद लेकर छात्रों को कराया प्लेन में सफर

जिले के कोंडलूर मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक माइकल राज ने सरकारी स्कूल के छात्रों को एक नई ऊँचाई तक पहुँचाया. उनकी मदद से

**जरा हट के**

छात्रों का सपना सच हुआ और उन्हें विमान में उड़ान भरने का मौका मिला. यह सफलता सरकारी स्कूल के बच्चों के लिए एक अभूतपूर्व अनुभव बन गई.

माइकल राज ने दुबई के अपने दोस्तों और स्कूल के शिक्षकों के सहयोग से करीब चार महीने की योजना बनाई और लगभग 2.5 लाख रुपये खर्च कर 20



छात्रों को विमान यात्रा पर भेजने की व्यवस्था की. इस योजना के तहत, छात्रों को मदुरै से चेन्नई तक विमान से यात्रा करवाई गई, जिससे उन्हें उड़ने का अनुभव हुआ.

चेन्नई में छात्रों ने विभिन्न शैक्षिक स्थलों का दौरा किया. वे बिरला तारामंडल, अन्ना शताब्दी पुस्तकालय, एग्मोर संग्रहालय, सचिवालय और मद्रास उच्च न्यायालय जैसे प्रमुख स्थानों पर गए. इसके अलावा, उन्होंने वल्लुवर कोट्टम, अन्ना और करुणानिधि के स्मारकों का भी दौरा किया. इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति और इतिहास से भी परिचित कराना था.

## गांववासियों का समर्थन


जब ये छात्र और प्रधानाध्यापक अपनी यात्रा समाप्त करके वापस लौटे, तो गाँववासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. माइकल राज ने बताया, "यह मेरे लिए बहुत गर्व की बात थी कि मैं अपने छात्रों को यह अनुभव दे पाया. मैं चाहता था कि वे मेरी तरह लंबी उम्र में विमान में उड़ान भरने का इंतजार न करें. यह यात्रा मेरे छात्रों के लिए एक नया और प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई."

## छात्रों का खुशी से भरा अनुभव

इस यात्रा के बारे में छात्रों ने कहा, "बादलों के बीच उड़ना बहुत रोमांचक था. पायलटों से मिलकर बात करना और उनके अनुभव जानना एक नया अनुभव था. हम बहुत खुश हैं कि हमें यह अवसर मिला."

# सोने से पहले बनाइए एक आदत

- **नींद की दिक्कत के साथ कई बीमारियों का भी कम होगा जोखिम**



शरीर को स्वस्थ रखने के लिए रात की अच्छी नींद कितनी जरूरी है, इसके बारे में कई मेडिकल रिपोर्ट्स में चर्चा की गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सोने से पहले की कुछ आदतों के बारे में भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। डॉक्टर्स कहते हैं, सभी लोगों को सोने से पहले हल्दी वाले दूध का सेवन जरूर करना चाहिए, ये वास्तव में आपकी सेहत को गजब का बूस्ट दे सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी लोगों को सोने से पहले एक कप हल्दी वाला दूध जरूर पीना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि हल्दी वाले दूध में शरीर को आराम देने वाले गुण होते हैं, मुख्य रूप से इसकी सूजन को कम करने और तंत्रिका तंत्र को शांत करने की क्षमता इसे काफी खास बनाती है। कई लोगों का मानना है कि सोने से पहले गर्म हल्दी वाला दूध पीने से आराम मिलता है और नींद की गुणवत्ता में भी सुधार हो सकता है।

## हल्दी दूध के कई फायदे

आयुर्वेद विशेषज्ञ कहते हैं, हल्दी में मौजूद करक्यूमिन वास्तव में शरीर के लिए बहुत कारगर है। वयस्कों में स्मृति और ध्यान को बेहतर बनाने में मदद करने के साथ ये कई क्रोनिक बीमारियों के खतरे को कम करने में भी मददगार हो सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि हल्दी में पाए जाने वाले करक्यूमिन की मात्रा आपको अच्छी नींद पाने में मदद कर सकती है साथ ही डायबिटीज, इंफ्लामेशन जैसी शारीरिक समस्याओं को कंट्रोल करने में भी इससे लाभ हो सकता है। मेडिकल साइंस ने भी हल्दी वाले दूध को बहुत फायदेमंद पाया है।

## क्रोनिक बीमारियों से बचने का तरीका

शोध में पाया गया है कि करक्यूमिन, कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों जैसे इंफ्लामेशन, कैंसर, मेटाबोलिक सिंड्रोम, अल्जाइमर और हृदय रोग को कम करने में भी फायदेमंद हो सकती है। इसकी एंटी-इंफ्लामेटरी प्रकृति ऑस्टियोआर्थराइटिस और रुमेटीइड आर्थराइटिस से होने वाले जोड़ों के दर्द को कम करने में भी सहायक है।

## शरीर को मिलता है आराम, नींद में सुधार

हल्दी में पाया जाने वाला सक्रिय घटक करक्यूमिन, अपने मजबूत एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण सदियों से आयुर्वेदिक चिकित्सा में उपयोग किया जाता रहा है। एंटीऑक्सिडेंट ऐसे यौगिक होते हैं जो कोशिकाओं की क्षति को कम करने में मदद करते हैं। अगर दूध में एक चुटकी हल्दी मिलाकर इसका सेवन किया जाए तो मांसपेशियों को आराम मिलता है। इससे न सिर्फ अच्छी नींद मिलती है साथ ही एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर ये पेय आपको संक्रमण और बीमारी के जोखिमों से बचाने में भी लाभकारी है।

## शुगर को कंट्रोल करने में लाभकारी

कुछ अध्ययन यह भी कहते हैं कि अगर आप रोजाना सोने से पहले हल्दी वाले दूध का सेवन करते हैं तो ये फास्टिंग शुगर को कंट्रोल करने में आपके लिए विशेष फायदेमंद हो सकती है। दूध में मौजूद कैल्शियम और अन्य पोषक तत्वों के साथ हल्दी में पाया जाने वाला करक्यूमिन, इंसुलिन के उपयोग को बढ़ाकर शुगर के स्तर को बढ़ने से रोकने में सहायक है। डायबिटीज रोगियों के लिए ये पेय काफी लाभकारी हो सकती है।

# बनाएं तिलकुट




## तिलकुट बनाने के लिए आवश्यक सामग्री

- सफेद तिल – 200 ग्राम
- गुड़ – 150 ग्राम
- घी – दो बड़े चम्मच
- ड्राई फ्रूट्स – आवश्यकता के अनुसार

## इस विधि से बनाएं तिलकुट

तिलकुट का प्रसाद बनाने के लिए सबसे पहले एक कढ़ाई में ड्राई फ्रूट्स को घी में ब्राउन होने तक रोस्ट करें. इन्हें एक बर्तन में निकाल कर, उस कढ़ाही में घी गर्म करके तिल को अच्छी तरह भून लें. अब तिल को प्लेट में निकाल कर थोड़ा ठंडा होने दें और फिर ग्राइंडर में दरदरा पीस लें. अब गुड़ और तिल को मिक्स करके एक बार ग्राइंडर में चला लें 2 मिनट के लिए मीडियम फ्लेम पर पाक लें. तैयार है आपका तिलकुट का प्रसाद.



- पप्पू- बताओ रोज बादाम



खाने से क्या होता है?

गप्पू- बादाम और पैसा दोनों खर्च होता है।

गप्पू का जवाब सुनकर पप्पू हैरान रह गया।

- पड़ोसी- यार तेरे घर से रोज हंसी की आवाज आती है।

इस खुशहाल जिंदगी का राज क्या है?

पप्पू - वो क्या है ना कि मेरी बीवी रोज मुझे जूतों से मारती है,

लग जाए तो वो हंसती है और ना लगे तो मैं हंसता हूं!

बस ऐसे ही हंसी-खुशी जिंदगी गुजर रही है...!!!

पड़ोसी बेहोश...

# सर्दियों में बेहद चमत्कारी है गाजर का जूस

- **रोज पीने से उतर जाएगा चश्मा**
- **कई किलोमीटर तक हर चीज दिखेगी साफ**

गाजर का हलवा खाना अधिकतर लोगों को पसंद होता है, लेकिन क्या आपने कभी गाजर का जूस पीया है? अगर नहीं, तो आपको तुरंत इस जूस का सेवन शुरू कर देना चाहिए. सर्दियों के मौसम में गाजर का जूस सेहत के लिए बेहद चमत्कारी साबित हो सकता है और इसका सेवन करने से कई बीमारियों से बचाव हो सकता है. आंखों की सेहत के लिए इस जूस को सबसे ज्यादा लाभकारी माना जाता है और नियमित रूप से सेवन करने से आंखों का चश्मा तक उतर सकता है. लंबी उम्र तक आईसाइट को बेहतर बनाए रखने के लिए गाजर का जूस रामबाण साबित हो सकता है. सिर्फ आंखों ही नहीं, बल्कि कई बीमारियों से बचाने में यह जूस बेहद असरदार माना जाता है. यह जूस पीने में बेहद स्वादिष्ट होता है और सभी को इसका स्वाद पसंद आता है.

रिपोर्ट के अनुसार एक गिलास गाजर के जूस में 80 कैलोरी, 2 ग्राम प्रोटीन, 17 ग्राम कार्ब्स, 2 ग्राम फाइबर, 10 ग्राम शुगर और 50 मिलीग्राम सोडियम होता है. खास बात यह है कि गाजर के जूस में फैट और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा 0 होती है. गाजर कई विटामिन और मिनरल्स का भंडार होती है. कैरेट जूस में विटामिन ए, बीटा कैरोटिन, विटामिन के, विटामिन सी, ल्यूटिन, थाइमिन, नाइसिन,



विटामिन बी6, विटामिन ई, पोटेशियम, मैंगनीज, कॉपर, फॉस्फोरस समेत तमाम पोषक तत्व होते हैं. यही वजह है कि गाजर का जूस सेहत के लिए रामबाण माना जा सकता है. हालांकि इसमें शुगर की मात्रा काफी होती है, जिसकी वजह से शुगर के मरीजों को इस जूस का सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए.

गाजर का जूस आंखों के लिए सबसे ज्यादा फायदेमंद होता है. इस जूस में विटामिन A और बीटा कैरोटिन की भरपूर मात्रा होती है, जो आईसाइट को मेंटेन रखने में मददगार साबित हो सकते हैं. गाजर में पाए जाने वाले ल्यूटिन और ज़ेक्सैन्थिन जैसे कैरोटीनॉयड लेंस और रेटिना की सुरक्षा करने में मददगार होते हैं. यह जूस आंखों को ब्लू लाइट के खतरों से बचा सकता है. गाजर में पाया जाने वाला बीटा-कैरोटीन आंखों की ओवरऑल हेल्थ को बूस्ट करता है और आई डिजीज से बचाने में सहायता प्रदान करता है. अगर आपको शुगर की बीमारी नहीं, तो आप गाजर के जूस का नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं.

इम्यून सिस्टम को मजबूत करने के लिए गाजर का जूस लाभकारी माना जा सकता है. यह जूस विटामिन ए और सी का बेहतरीन सोर्स है, जिससे इम्यूनिटी को मजबूत करने में मदद मिलती है. गाजर के जूस में एंटी कैंसर प्रॉपर्टी होती है और एक एनिमल स्टडी में यह बात सामने आई कि गाजर का जूस पीने से कैंसर से बचाव कर सकता है. हालांकि इस बारे में ज्यादा रिसर्च की जरूरत है. इसे हार्ट डिजीज और ब्लड प्रेशर के लिए भी फायदेमंद माना जाता है. इसमें पाए जाने वाले पोटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद करते हैं. इससे हार्ट डिजीज का खतरा कम हो जाता है.

# मटर के छिलकों से बनाएं खाद

गार्डनिंग के शौकीन लोग पेड़ों को हेल्दी रखने के लिए कई नुस्खे आजमाते हैं. मगर इसके बावजूद गार्डन के पौधे तेजी से ग्रो नहीं होते हैं. हालांकि आपको जानकर हैरानी होगी कि मटर के छिलके आपके प्लांट्स का हेल्थ सीक्रेट साबित हो सकते हैं. तो आइए जानते हैं गार्डन में मटर के छिलकों का इस्तेमाल,



जिससे आप पौधों की सुंदरता को आसानी से निखार सकते हैं.

गार्डन के लिए लोग मार्किट से महंगी खाद खरीदते हैं. मगर उनमें मौजूद कैमिकल्स पौधों और मिट्टी को नुकसान पहुंचा सकते हैं. ऐसे में मटर के छिलके गार्डन के लिए बेस्ट खाद का काम करते हैं. वहीं इन छिलकों को फेंकने की बजाए आप इनसे गार्डन के लिए ऑर्गेनिक खाद बना सकते हैं. जिससे आपका गार्डन हरा-भरा और खूबसूरत दिखने लगेगा. तो आइए जानते हैं मटर के छिलकों से ऑर्गेनिक खाद बनाने का तरीका.

## मटर के छिलकों से ऑर्गेनिक खाद बनाने का तरीका

मटर के छिलकों से खाद बनाने के लिए सबसे पहले छिलकों को तोड़ कर छोटा कर लें. अब इसे मिक्सचर ग्राइंडर में डालें. साथ ही इसमें थोड़ा सा पानी मिक्स कर दें, जिससे छिलके आसानी से पिस जाएंगे. अब इसे पीसकर छन्नी से छान लें और फिर किसी बोतल में भरकर रख लें. बस आपकी ऑर्गेनिक खाद बनकर तैयार है. इसे हर रोज गार्डन की मिट्टी पर छिड़कें. कुछ दिनों में आप देखेंगे कि आपके गार्डन में लगे पौधे दोगुनी तेजी से बढ़ने लगेंगे और आपका गार्डन फल-फूल से भर जाएगा.

## मटर के छिलकों के पोषक तत्व

मटर की तरह इसके छिलकों में भी पोषक तत्वों का खजाना होता है. मटर के छिलकों को पोटैशियम, फाइबर, कॉपर और कई विटामिन्स का बेस्ट सोर्स माना जाता है. ऐसे में मटर के छिलकों का गार्डन में इस्तेमाल करके आप पौधों को हमेशा हेल्दी रख सकते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृषभ :** पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें।

**मिथुन :** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क :** व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जरा सी लापरवाही से अधिक हानि हो सकती है। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**सिंह :** पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। दूसरों से अपेक्षा न करें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। कुसंगति से हानि होगी।

**कन्या :** पुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा।

**वृश्चिक :** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**धनु :** यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**मकर :** कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ :** नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी।

**मीन :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### युवती संग बर्बरता की हदें पार, मुंह में पन्नी ठूंसी, बाल छीले और हाथों की नसें काटीं

**हमीरपुर.** यूपी के हमीरपुर जिले में एक युवती के साथ बर्बरता का मामला सामने आया है। कुरारा क्षेत्र के एक गांव में सोमवार देरात दबंगों ने रंजिश में घर में घुसकर 19 वर्षीय युवती के साथ बर्बरता की सारी हदें पार कर दीं। पहले युवती को जमकर मारापीटा, फिर उसके हाथ-पैर बांधकर दोनों हाथों की कलाइयां ब्लेड से जख्मी कर दीं। पेट चाकू से कुरेदा, जिससे खून छलछला उठा। बाद में बेइज्जत करने की नीयत से सिर के बाल भी छील दिए। पीड़िता की अगले माह फरवरी में शादी होने वाली है। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर गांव के दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुलिस में नहीं हो पाया भर्ती तो बन गया फर्जी इंस्पेक्टर, दहेज में लिए 10 लाख रुपये और कार

**बहराइच.** बहराइच से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक युवक जब पुलिस में भर्ती नहीं हो पाया तो फर्जी इंस्पेक्टर बन गया। खुद को सब इंस्पेक्टर बताते हुए उसने एक युवती से शादी रचाते हुए दहेज में 10 लाख रुपये और कार भी ली। यहां तक कि दरोगा की वर्दी पहनकर रेलवे स्टेशन पर यात्रियों से उगाही भी करने लगा। जब इस बात की भनक पुलिस को लगी तो उन्होंने युवक को धर दबोचा। ये मामला कोतवाली क्षेत्र का है। जहां पुलिस को रेलवे स्टेशन के पास पुलिस की वर्दी पहने एक व्यक्ति द्वारा खुलेआम ट्रेन से उतरने वाले यात्रियों पर रौब झाड़ने और वाहन चालकों से चेकिंग के नाम पर धन उगाही का प्रयास करने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम ने जब युवक से सवाल जवाब किया तो उसके संदिग्ध होने का अंदेशा हुआ। पुलिस टीम ने जालसाज युवक को गिरफ्तार कर केस दर्ज कर जेल भेज दिया।

### गर्लफ्रेंड को खुश करने के लिए 16 साल के युवक ने रची साजिश, घरवालों ने बुलाई पुलिस

**जौनपुर.** जौनपुर से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक 16 साल के युवक ने गर्लफ्रेंड के शौक पूरा करके उसे खुश रखने के लिए खुद के अपहरण की साजिश रच डाली फिर फोन कर एक लाख की डिमांड रख दी। उधर, जब इस मामले की जानकारी पुलिस को मिली तो सर्विलांस की मदद से उसे आठ घंटे में ही बरामद कर लिया गया। ये मामला बदलापुर क्षेत्र का है। 16 साल का किशोर रविवार शाम चार बजे के करीब अचानक लापता हो गया। करीब आठ बजे उसी के नंबर से मुंबई में रह रही बहन के मोबाइल पर फोन पहुंचा। युवक रो रहा था, उसने कहा कि बदमाशों ने अपहरण कर लिया है, एक लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। न देने पर जान से मार देने की धमकी भी दी है। इतना सुनते ही युवक की बहन घबरा गई।

# दिल्ली दंगों के आरोपी को चुनाव प्रचार के लिए पैरोल

- सुप्रीम कोर्ट की शर्तें- ताहिर को 12 घंटे प्रचार कर जेल लौटना होगा
- पुलिस साथ रहेगी
- हर दिन पुलिस खर्च के 2 लाख देने होंगे

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन को मंगलवार को दिल्ली चुनाव प्रचार के लिए 6 दिन की सशर्त कस्टडी पैरोल दी है।

ताहिर इस बार असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM से मुस्तफाबाद सीट से कैंडिडेट है। ताहिर ने सुप्रीम कोर्ट से कहा, 'चुनाव में 4 दिन बचे हैं, उसे चुनाव प्रचार के लिए जल्द अंतरिम जमानत दी जाए।'

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को वोटिंग है। 8 फरवरी को रिजल्ट आएगा। चुनाव प्रचार 3 फरवरी की शाम को खत्म हो जाएगा।



सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा, 'हुसैन को 29 जनवरी से 3 फरवरी तक दिन के समय (जेल मैनुअल के अनुसार 12 घंटे के लिए) चुनाव प्रचार के लिए रिहा किया जाएगा। रात में जेल लौटना होगा।' कोर्ट ने हुसैन को सुरक्षा खर्च के तौर पर हर दिन 2.47 लाख रुपए देने को कहा। इस तरह उसे 6 दिन में 14.82 लाख रुपए देने होंगे।

### हाईकोर्ट ने 14 जनवरी को कस्टडी पैरोल दी, जमानत से इनकार किया

दिल्ली हाईकोर्ट ने 14 जनवरी को मुस्तफाबाद सीट से नामांकन भरने के लिए ताहिर को कस्टडी पैरोल दी थी और चुनाव प्रचार के लिए जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हुसैन ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है, जिस पर जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच सुनवाई कर रही है।

ताहिर हुसैन दिल्ली दंगों के आरोप में 4 साल 9 महीने से जेल में बंद हैं। 22 जनवरी को ताहिर की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट की 2 जजों की बेंच में सहमति नहीं बन पाई थी। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ताहिर को जमानत देने के पक्ष में थे, जबकि जस्टिस पंकज मित्तल ने याचिका खारिज कर दी।

# जैन धर्म के महोत्सव में हादसा, 7 मौतें

- 65 फीट ऊंचाई पर मंच, जाने के लिए लकड़ी की सीढ़ियां
- भीड़ बढ़ी तो ढह गईं



**बागपत.** उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को जैन समुदाय के निर्वाण महोत्सव के दौरान हादसा हो गया। यहां 65 फीट ऊंचे मंच की सीढ़ियां टूट गईं। इससे कई श्रद्धालु एक दूसरे पर गिरते चले गए। भगदड़ जैसे हालात हो गए।

हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। 80 से अधिक घायल हुए हैं। गंभीर घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोग खून से लथपथ श्रद्धालुओं को ठेले से अस्पताल पहुंचा रहे हैं। हादसा बागपत शहर से 20 किलोमीटर दूर बड़ौत तहसील में सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। महोत्सव में आदिनाथ भगवान को प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था। 65 फीट ऊंचा लकड़ी का मंच बनाया था। उस पर भगवान की 4-5 फीट ऊंची प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु भगवान तक पहुंचने के लिए मचाननुमा सीढ़ियों से ऊपर चढ़ रहे थे। वजन बढ़ने से पूरा मचान नीचे गिर गया।

# महाकुंभ में भारी भीड़

**संगम से 15KM तक जाम : 3.90 करोड़ लोगों ने लगाई डुबकी**

- महाकुंभ नगर बना दुनिया का सबसे बड़ा जिला





**प्रयागराज.** महाकुंभ का मंगलवार को 16वां दिन है। अब तक 3.90 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इस तरह आज महाकुंभ नगर दुनिया का सबसे बड़ा जिला बन गया है। वहीं, 13 जनवरी से अब तक कुल 17.15 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं।

मौनी अमावस्या से दो दिन पहले से ही श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ को देखते हुए सोमवार को रातभर सभी विभागों के अफसरों ने कई राउंड मीटिंग की। भीड़ को कैसे संभालेंगे? सुरक्षा में क्या चुनौती आ रही? उसका समाधान कैसे होगा? इन्हीं मुद्दों पर मंथन हुआ।

मंगलवार सुबह फिर ADG जोन भानु भास्कर और कमिश्नर ने सभी विभागों के अफसरों की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। DM, CRPF, ITBP, पुलिस, रेलवे आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हाई अलर्ट जारी किया गया है।

आज स्थिति ऐसी है कि सड़कें-गलियां सब फुल हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि पार्किंग या स्टेशन से संगम पैदल आना पड़ रहा है। जगह-जगह बैरिकेडिंग कर पुलिस रोक दे रही है। इधर-उधर 20 किमी पैदल चलना पड़ रहा है। कई जगह भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। संगम से 15 किमी तक का एरिया जाम है।

महाकुंभ में भीड़ के बीच दिल को छू लेने वाले दृश्य भी दिख रहे हैं। भीड़ में एक महिला अपनी सास को पीठ पर लादकर ले जाते दिखी।

### मछुआरों पर गोली चलाने वाले श्रीलंका को भारत की चेतावनी

श्रीलंकाई नौसेना द्वारा डेल्फ्ट द्वीप के पास भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी की घटना को लेकर भारत ने सख्त आपत्ति जताई है। इस घटना में पांच भारतीय मछुआरे घायल हो गए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब कर अपनी नाराजगी व्यक्त की। भारत ने साफ लहजे में कहा है कि किसी भी हाल में बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं है। विदेश मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, ₹घटना के समय मछली पकड़ने वाले जहाज पर कुल 13 मछुआरे सवार थे। इनमें से दो मछुआरे गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें जाफना टीचिंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# उत्तराखंड UCC लागू करने वाला पहला राज्य बना

- सीएम धामी बोले- हलाला, एक से ज्यादा शादियों, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी

**देहरादून.** उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड (UCC) आज से लागू हो गया है। मुख्यमंत्री आवास में सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इसका ऐलान किया। यह कार्यक्रम सीएम आवास के मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया।

सीएम धामी ने कहा कि हमने 3 साल पहले जनता से किए गए वादे को पूरा किया। UCC किसी धर्म या वर्ग के खिलाफ नहीं है। इसका उद्देश्य किसी को टारगेट करना नहीं है। सभी को समान अधिकार देना है। 27 जनवरी का दिन समान नागरिकता दिवस के रूप में मनाया जाएगा।




धामी ने कहा कि UCC लागू होने से हलाला, बहुविवाह, तीन तलाक पर पूरी तरह रोक लगेगी। इस दौरान धामी ने समान नागरिक संहिता उत्तराखंड- 2024 को लागू किए जाने पर नियमावली और पोर्टल का लोकार्पण किया। यह पोर्टल आम जनता के लिए खोल दिया गया है। https://ucc.uk.gov.in पर लॉग इन कर सकते हैं।

### DGP बोले- हम पूरी तरह तैयार

उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से समाज में एकरूपता आएगी। राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार होंगे और दायित्व भी सुनिश्चित हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड स्वतंत्र भारत का पहला राज्य बन चुका है, जहां यह कानून प्रभावी हो गया है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- देश में सांप के एंटी-वेनम की कमी

- दुनिया में सालाना 58 हजार मौतें
- केंद्र राज्यों से बात करे; ये मुकदमेबाजी का मसला नहीं



**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने सांप काटने से मौतों में बढ़ोतरी पर सोमवार को केंद्र सरकार से जरूरी उपाय करने को कहा। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एसवीएन भट्टी की बेंच ने इसी मामले में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था।

इस दौरान बेंच ने कहा- यह मुकदमेबाजी का मसला नहीं है। आप राज्यों की मदद ले सकते हैं क्योंकि यह समस्या पूरे देश में है। सभी राज्यों के साथ बैठक करके मामले में कुछ करने की कोशिश कीजिए।

याचिका में कहा गया है कि सांप के जहर के एंटी-वेनम की कमी से देश पब्लिक हेल्थ क्राइसिस का सामना कर रहा है। दुनिया भर में सांप काटने से सबसे ज्यादा मौतें भारत में होती हैं। यहां हर साल करीब 58 हजार लोग सांप काटने से जान गंवाते हैं।

मामलें में केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा- सरकार इस मामले में उठाए गए कदमों का रिकॉर्ड पेश करेगी। वहीं, कुछ राज्यों के वकीलों ने कहा कि वे अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करेंगे। मामले की अगली सुनवाई 6 सप्ताह बाद होगी।

- डॉक्टरों को स्पेशल ट्रेनिंग देने की मांग

सुप्रीम कोर्ट ने वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी की याचिका पर पिछले साल 13 दिसंबर को केंद्र और अन्य संबंधित पक्षों से जवाब मांगा था। याचिका में कहा गया था कि दुनिया में सबसे ज्यादा मौतों के बावजूद देश में एंटी-वेनम की कमी है। देश के अधिकतर ग्रामीण इलाकों में एंटी-वेनम का पर्याप्त स्टॉक नहीं है। इससे इलाज में देरी होती है।

# लिव-इन पार्टनर ने किया युवती का मर्डर

- लाश सूटकेस में रखकर जलाई
- रिश्ते में चचेरा भाई,
- रिलेशनशिप खत्म करना चाहता था

**नई दिल्ली.** दिल्ली के गाजीपुर में 22 साल के लड़के ने अपनी चेचरी बहन का मर्डर कर उसकी बॉडी सूटकेस में रखकर उसे आग लगा दी। दोनों रिलेशनशिप में थे और पिछले साल अक्टूबर से साथ रह रहे थे।

लड़की उस पर शादी का दबाव बना रही थी, जबकि लड़का



रिलेशनशिप खत्म करना चाहता था। इसी बात पर दोनों के बीच लड़ाई होने के बाद लड़के ने अपनी कजिन का मर्डर कर दिया।

रविवार को पुलिस को गाजीपुर में सुनसान जगह पर एक सूटकेस मिलने की खबर दी गई थी। वहां पहुंचकर पुलिस को सूटकेस के अंदर जली हुई बॉडी मिली। पुलिस ने मामले में मर्डर और सबूत मिटाने का केस दर्ज किया।

### CCTV फुटेज में कार दिखी, उससे आरोपी तक पहुंची पुलिस

ईस्ट दिल्ली के DSP अभिषेक धानिया ने बताया कि हमारे पास इस मामले में कोई सुराग नहीं था। हमने इलाके का CCTV फुटेज देखना शुरू किया। CCTV में उन्हें एक ह्युंडई वर्ना गाड़ी दिखी, जो बॉडी मिलने के कुछ घंटे पहले ही उस इलाके से गुजरी थी। पुलिस ने कार का रेजिस्ट्रेशन नंबर ढूंढकर उसके ओनर से पूछताछ की। उस व्यक्ति ने बताया कि यह कार उसने अतिम तिवारी नाम के शख्स को बेची थी।

पुलिस ने 22 साल के अमित तिवारी को ढूंढा और उसे कस्टडी में लिया। वह गाजियाबाद में रहता था और कैब ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था। उसका दोस्त अनुज कुमार भी CCTV फुटेज में नजर आया था, इसलिए पुलिस ने उसे भी कस्टडी में लिया। अनुज वेल्डिंग मेकैनिक के तौर पर काम करता था और गाजियाबाद में ही रहता था।

# प्रयागराज जा रही अंबेडकर नगर एक्सप्रेस ट्रेन पर पथराव

- छतरपुर-हरपालपुर स्टेशन पर बोगियों के दरवाजे नहीं खुलने से भड़के यात्री

**छतरपुर.** मध्यप्रदेश के छतरपुर और हरपालपुर रेलवे स्टेशन पर बुधवार देर रात महू से प्रयागराज जा रही डॉ अंबेडकर नगर- प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन पर स्थानीय यात्रियों ने हमला कर दिया। घटना देर रात करीब 1 बजे की है, जब प्लेटफॉर्म पर खड़े यात्रियों ने ट्रेन के दरवाजे नहीं खोलने पर आक्रोशित होकर पथराव और तोड़फोड़ कर दी। ट्रेन में बैठे कुछ लोगों को मामूली चोट आई है।

पथराव में ट्रेन की कई बोगियों के दरवाजे और खिड़कियों को नुकसान पहुंचा है। हमले के दौरान ट्रेन में सवार यात्री, महिलाएं और बच्चों में डर दिखा। इस दौरान कुछ यात्रियों ने घटना का वीडियो बना लिया। वीडियो में यात्री सुरक्षा की गुहार लगाते नजर आ रहे हैं।

छतरपुर रेलवे स्टेशन के कर्मचारियों ने बताया कि रात करीब 12:45 बजे इंदौर से डॉक्टर अंबेडकर नगर से प्रयागराज जाने वाली ट्रेन (14115) स्टेशन पर रुकी, इस दौरान उसमें अंदर बैठे यात्रियों ने भीड़ को देखकर ट्रेन के गेट नहीं खोले।

# 4 खिलाड़ियों को पद्म पुरस्कार

- श्रीजेश को पद्म भूषण, अश्विन समेत 4 को पद्मश्री

केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को 2025 के लिए 139 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण सम्मान दिया गया है।

पद्मश्री पुरस्कार 113 लोगों को दिया जा रहा है, जिनमें 4 खिलाड़ी हैं। हाल ही में रिटायर हुए क्रिकेटर आर अश्विन को पद्म श्री दिया गया है। अश्विन के अलावा पैरालंपियन तीरंदाज हरविंदर सिंह, भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान इनिवलाप्पिल मणि विजयन और पैरा एथलेटिक्स कोच सत्यपाल सिंह का नाम शामिल है।

### श्रीजेश ने भारत के लिए 336 मैच खेले



पूर्व हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को पद्म भूषण सम्मान दिया गया है। पेरिस ओलिंपिक 2024 में भारतीय मेंस हॉकी टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था। उसके बाद श्रीजेश ने हॉकी से संन्यास ले लिया था। कई कॉमनवेल्थ गेम्स, एशियन गेम्स और वर्ल्ड कप खेल चुके श्रीजेश ने भारत के लिए 336 मैच खेले हैं और पेरिस ओलिंपिक उनका चौथा ओलिंपिक रहा। इससे पहले, श्रीजेश ने 2021 में खेले गए टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में शानदार गोलकीपिंग से भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। भारत ने तब इस खेल में 41 साल के पदक के सूखे को खत्म किया था। श्रीजेश ने 2012 ओलिंपिक में डेब्यू किया था।

### अश्विन भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज



भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने 18 दिसंबर 2024 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं।

### हरविंदर सिंह ने पेरिस पैरालंपिक में गोल्ड जीता



पैरालंपियन तीरंदाज हरविंदर सिंह को पद्मश्री के लिए चुना गया है। पेरिस पैरालंपिक में हरविंदर ने पुरुष रिकर्व के फाइनल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीता था। यह तीरंदाजी में भारत का पहला पैरालंपिक स्वर्ण पदक है और साथ ही उनका दूसरा पैरालंपिक पदक भी है।

### विजयन को 2003 में अर्जुन पुरस्कार मिला



भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान इनिवलाप्पिल मणि विजयन को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विजयन ने भारत के लिए बतौर स्ट्राइकर खेला। विजयन को तीन बार (1993, 1997 और 1999 ) साल का बेस्ट भारतीय खिलाड़ी चुना गया था। उन्हें 2003 में अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

# मुंबई कौथिग 2025 में स्वरोजगार उत्तरायणी की पहल

- उत्तराखंड के उद्यमियों ने किया विचार मंथन





**नवी मुंबई.** मुंबई कौथिग में विगत वर्षों की भांति उत्तराखंडी संस्कृति और समाज के विभिन्न सरोकारों के साथ साथ उत्तराखंड में स्वरोजगार को लेकर विशेष कार्यक्रम बिजनेस उत्तरायणी का आयोजन उत्तराखंड भवन में किया गया.

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड में स्वरोजगार को बढावा देने विभिन्न स्थापित और नव ऊर्जावान उद्यमियों का एक दूसरे से परिचय और संवाद स्थापित करना था, जिससे कि भविष्य में अधिक सशक्त उद्यमिता विकास के प्रयास सफल हों। बिजनेस उत्तरायणी इस प्रकार के आयोजन भारत के विभिन्न शहरों और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों में समय-समय पर 2019 से कर रही है।

कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित सभी व्यक्तित्व उद्यमियों और वरिष्ठ जनों ने अपने परिचय से हुई, जिसमें उन्होंने अपने कार्य क्षेत्र, उत्तराखंड में अपने पैतृक क्षेत्र और भविष्य में उनके व्यवसाय योजनाओं के बारे में जानकारी दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ उद्यमी और समाजसेवी श्री चामू सिंह राणा ने की। इस अवसर पर देवभूमि स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश राणा, डीआईजी रविन्द्र सिंह रौतेला, मुंबई कौथिक 2025 के मुख्य संयोजक मनोज भट्ट, रेड मोटिव के निदेशक प्रवीण ठाकुर, लक्ष्मण सिंह ठाकुर और कई अन्य लोगों ने सहभागिता की। 2 घंटे के सत्र में लगभग 60 से अधिक उद्यमियों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त किये।वरिष्ठ पत्रकार दीपक डोभाल ने उत्तराखंड की संस्कृति से जुड़े कई विषयों को नई ऊर्जा से प्रस्तुत कर भविष्य की पीढ़ियों से जोड़ने पर जोर दिया। रिटायर्ड प्रोफेसर चंदन अधिकारी ने उधमिता से जुड़ी शिक्षा और अपने गृह क्षेत्र में चल रहे प्रयासों की जानकारी सभी को दी, वरिष्ठ पर्वतारोही विजया पंत तुली ने पर्वतारोहण क्षेत्र में भविष्य की संभावनाएं और महिला सशक्तिकरण से जुड़े कई पक्षों पर बात रखी, मनोज भट्ट ने शिपिंग और लॉजिस्टिक्स विषय पर अपने कार्य की जानकारी दी, पौड़ी के महेश घिल्डियाल ने उत्तराखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार से जुड़ी चुनौतियों पर प्रकाश डाला, प्रवीण ठाकुर ने महाराष्ट्र और मुंबई क्षेत्र में कार्य कर रहे विभिन्न छोटे-बड़े उद्यमियों और स्थापित व्यक्तियों से जुड़ी संभावनाओं के तहत एक सशक्त समूह बनाने पर बात रखी। प्रहलाद सिंह अधिकारी ने यूकोस्ट और उत्तराखंड सरकार की अन्य विभागीय योजनाओं और प्रयासों पर अपनी बात रखी, रिलायंस में कार्यरत सीनियर वाइस प्रेसिडेंट कैलाश पाठक ने छोटे उद्योगों को बड़े उद्योगों से जुड़ अपार संभावनाओं पर बात रखी, साथ ही शिक्षा स्वरोजगार और उत्तराखंड के विभिन्न सरोकारों पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें

कार्यक्रम आयोजन में प्रवीण ठाकुर, कैलाश चंद, मनोज दानू, नरेन्द्र जोशी, शिवांगी पंत, हेम पांडेय, सतीश रिखाड़ी, मनोज भंडारी, पंकज फुलारा, नमिता कफ़लिया पूजा चमोली वाकई अन्य साथियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन बिजनेस उत्तरायणी के संयोजक नीरज बवाड़ी ने किया ।

# आईफोन और एंड्रॉयड फोन में अलग-अलग किराया कैसे?

- ओला और उबर को केंद्र सरकार का नोटिस

**नई दिल्ली.** अलग-अलग मॉडल के मोबाइल फोन में भेदभावपूर्ण किराए को लेकर प्रमुख कैब एग्रीगेटर्स ओला (Ola) और उबर (Uber) को नोटिस जारी किया गया है। केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट कर ये जानकारी दी। मंत्री ने कहा कि उन्हें पिछले दिनों इस तरह की शिकायतें मिलीं जिनमें देखा गया कि आईफोन और एंड्रॉयड में कैब एग्रीगेटर्स एक ही जगह के लिए अलग-अलग किराया वसूल रहे हैं। मंत्री ने कहा, पिछले दिनों यह देखा गया था कि विभिन्न मोबाइल मॉडलों (iPhones/Android) पर आधारित किराए में अंतर दिख रहा है। इस पर कार्रवाई करते हुए, उपभोक्ता मामलों के विभाग ने केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) के माध्यम से ओला और उबर जैसी प्रमुख कैब एग्रीगेटर्स को नोटिस जारी कर उनके जवाब मांगे हैं।₹ जोशी ने पिछले महीने 'उपभोक्ता शोषण को कतई बर्दाश्त नहीं करने' की बात कही थी और सीसीपीए से इन आरोपों की गहन जांच करने को कहा था। उन्होंने ऐसी गतिविधियों को प्रथम दृष्टया अनुचित व्यापार व्यवहार तथा उपभोक्ताओं के पारदर्शिता के अधिकार की 'घोर अवहेलना' बताया था। इस नोटिस का उद्देश्य यह समझना है कि क्या वाकई मोबाइल फोन के मॉडल के आधार पर किराए में अंतर रखा जा रहा है।


### आम सूचना

मैं श्री सतीश परसराम सोनवानी सभी को सूचित कर रहा हूं कि साई लीला शाह कॉम्प्लेक्स, ग्राउंड फ्लोर, बैरक नं. 472-ए, रुम नं. 12, उल्हासनगर-2. (टैक्स नं. 22बीआय018417400) उक्त प्रॉपर्टी श्री दीपिन सतीश सोनवानी के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 25.1.2025 सी.नं. 27/520 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

श्री सतीश परसराम सोनवानी

## संक्षेप...

### ‘दाऊद से जुड़े थे NCP लीडर’

**मुंबई.** NCP अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी के मर्डर केस में पुलिस ने चार्जशीट फाइल कर दी है। इस चार्जशीट में बाबा को गोली मारने वाले मेन शूटर शिवकुमार गौतम ने दावा किया है कि सिद्दीकी के दाऊद इब्राहिम से संबंध और 1993 के मुंबई धमाकों में शामिल होने के कारण अनमोल ने उसे मारने का आदेश दिया था। उधर, सिद्दीकी के बेटे जीशान ने पुलिस को बयान दिया है कि उनके पिता की डायरी में कई डेवलपर्स, कॉन्ट्रैक्टर्स और भाजपा नेताओं के नाम लिखे हैं। हत्या के दिन भाजपा नेता मोहित कंबोज ने वॉट्सऐप पर पिता से संपर्क किया था। उसने मुलाकात की बात कही थी। जीशान ने कहा कि हत्याकांड की जांच में बांद्रा स्लम डेवलपमेंट स्कीम से जुड़े विवादों को भी शामिल किया जाए। जीशान के बाद भाजपा नेता मोहित कंबोज ने बयान दिया है कि इस केस में उनका नाम गलत तरीका से जोड़ा जा रहा है। वे बाबा सिद्दीकी के बहुत अच्छे दोस्त थे। 12 अक्टूबर को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।

# डीजल-पेट्रोल वाहनों पर बैन की तैयारी

■ **महाराष्ट्र सरकार ने स्टडी के लिए 7 मेंबर्स की कमेटी बनाई, 3 महीने में रिपोर्ट देगी**



**मुंबई.** महाराष्ट्र सरकार ने बढ़ते प्रदूषण की वजह से मुंबई महानगर पालिका क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने इसके लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी बनाई है, जो अगले 3 महीने में अपने सुझाव सौंपेगी।

22 जनवरी को जारी आदेश के अनुसार रिटायर्ड IAS अधिकारी सुधीर श्रीवास्तव कमेटी को लीड करेंगे। इसमें ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, जॉइंट पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक, महानगर गैस लिमिटेड के MD, पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (SIAM) के अध्यक्ष और जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सदस्य होंगे।

आदेश के मुताबिक यह कमेटी स्टडी के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट्स को भी पैनल में शामिल कर सकेगी। मुंबई महानगर (MMR) में पड़ोसी ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले के क्षेत्र भी शामिल हैं। यानी डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध को लेकर इन इलाकों में भी स्टडी होगी।

■ **कोर्ट का BMC-MPCB को निर्देश**

कोर्ट ने बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC) और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (MPCB) को निर्देश दिया कि लकड़ी और कोयले का उपयोग करने वाली शहर की बेकरी निर्धारित एक साल की समय सीमा के बजाय 6 महीने में गैस या अन्य हरित ईंधन का इस्तेमाल करना शुरू करें।

कोर्ट ने कहा था कि अब से कोयले या लकड़ी पर चलने वाली बेकरी या इसी तरह के व्यवसाय खोलने के लिए कोई नई मंजूरी नहीं दी जाएगी। नए लाइसेंस इस शर्त का पालन करने के बाद दिए जाएंगे कि वे केवल हरित ईंधन का उपयोग करें।

इसके बाद राज्य सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने, CNG और इलेक्ट्रिक वाहनों को अनुमति देने पर स्टडी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक्सपर्ट्स कमेटी बनाई है। कोर्ट ने BMC और MPCB को निर्माण स्थलों पर प्रदूषण इंडिकेटर्स लगाने का भी निर्देश दिया।

# कर्मभूमि में जन्मभूमि की लोक संस्कृति के संवर्धन का प्रयास सराहनीय

**दावोस से उत्तराखंड समाज के कौथिग को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दी शुभकामना**









**नवी मुंबई।** देवभूमि स्पोर्ट्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित मुंबई कौथिग 2025 का समापन रविवार को हुआ। रामलीला मैदान, नेरूल, नवी मुंबई में पांच दिन तक चले इस कार्यक्रम में उत्तराखंड समाज के फिल्म सितारों, व्यवसाइयों, उद्योगपतियों और सामाजिक सख्शियतों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। रविवार को कौथिग की शुरुआत गणतंत्र दिवस के अवसर राष्ट्र भक्ति के गीत से हुई। इसके बाद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस का दावोस से दिया गया शुभकामना संदेश प्रसारित किया गया। अपने संदेश में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने जन्मभूमि और कर्मभूमि की लोक संस्कृति के संवर्धन के लिए किए जा रहे मुंबई कौथिग के 16वें आयोजन की सफलता के लिए देवभूमि स्पोर्ट्स फाउंडेशन के अध्यक्ष सुरेश राणा और मुख्य संयोजक मनोज मनोज भट्ट और वरिष्ठ पत्रकार गणेश ठाकुर को बधाई दी। कौथिग मंच पर रविवार को प्रमुख अतिथि के रूप में भारतीय खुफिया एजेंसी में स्नाइपर और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड कमांडो रहे लक्ष्मण सिंह बिष्ट, अभिनेत्री शिवांगी जोशी, फिल्म अभिनेता बिजेंद्र काला, बी.के. राजपूत, समाजसेवी गोविंद सिंह बोरा, कौथिग के ब्रांड एंबेसडर भरत कुकरेती, वरिष्ठ पत्रकार हरि मृदल पांडे, वरिष्ठ पत्रकार विजयसिंह कौशिक, वरिष्ठ पत्रकार आदित्य दुबे, वरिष्ठ पत्रकार यतेंद्र यादव, लोक गायक सुरेश शुक्ला, उत्तराखंड खोज के नायक जगजीवन कन्याल सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए।

कौथिग 2025 की समापन सांस्कृतिक संध्या पर मशहूर गायिका रेशमा शाह, लोक गायक फौजी ललित मोहन जोशी, नीरज चुफाल, प्रदीप रावत ने देर रात तक एक से बढ़कर एक गीत पेश कर लोगों का मन मोह लिया। मुंबई कौथिग में सांस्कृतिक निर्देशक ज्योति राठौर और सुरेश काला की अगुआई में इस बार मंच संचालन आरजे आरती सजवाण, सुरेश पांडे ओर हंसा अमोला ने किया। कौथिग की सफलता के लिए आयोजन समिति के अध्यक्ष सुरेश राणा ने सभी का आभार माना।

### 5 दिन तक लोगों ने जमकर उठाया पहाड़ी भोजन का लुफ्त

नेरुल का रामलीला मैदान, कौथिग उत्सव में पहाड़ी खानपान की खुशबू से 5 दिन तक गुलजार रहा। महेश कैटरर्स के पूरण पांडेय, बबलानी कैटरर्स के दुष्यन्त काफलिया आदि ने अपने फ़ूड स्टॉल पर मंडुवे की रोटी, पहाड़ी रायता, भट्ट की चुड़कानी आदि पहाड़ी व्यंजनों का जायका परोसा। वहीं पहाड़ से आये जैविक उत्पादों की भी जमकर बिक्री हुई।

# लेखा विभाग के ISO प्रमाणन ने मनपा की बढ़ाई साख

▸▸ उल्हास विकास संवाददाता



**उल्हासनगर.** महानगरपालिका के लेखा एवं वित्त विभाग को अपने कार्यालय संचालन में किए गए बदलावों के कारण गणतंत्र दिवस से ठीक तीन दिन पहले आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इससे उल्हासनगर महानगरपालिका का गौरव बढ़ा है और शहर की पहली आईएएस महिला आयुक्त मनीषा आव्हाले ने सभी विभागों को लेखा विभाग से प्रेरणा लेने का निर्देश दिया है।

किरण भिलारे को 4 मई 2022 को मुख्य लेखाकार के पद पर नियुक्त किए जाने के बाद उन्होंने लेखा विभाग को आईएसओ अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन दिलाने के लिए कमर कस ली। किरण भिलारे के साथ उनके सहकर्मी शरद देशमुख, विजय खेडकर, विलास नागदिवे, संजय वैदंडे, दीपक धनगर अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ आईएसओ प्रमाणन प्राप्त किया। अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को अपनाया। कंसल्टेंट नरेंद्र गंगाखेडकर के सुझावों पर अमल किया गया और 4 जनवरी 2025 को ISO द्वारा निरीक्षण के बाद लेखा परीक्षक वैभव काशीकर के नेतृत्व में लेखा विभाग को आईएसओ प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

लेखा विभाग के उल्लेखनीय परिवर्तन के कारण लेखा विभाग को आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। यह गौरव की बात है और आयुक्त मनीषा आव्हाले ने लेखा विभाग को सम्मानित करते हुए अन्य विभागों को भी लेखा विभाग से प्रेरणा लेने और आईएसओ प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करने की सलाह दी है।

मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे ने तत्कालीन आयुक्त डॉ. राजा दयानिधि, डॉ. अजीज शेख और विकास ढाकने के मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि वे आयुक्त मनीषा आव्हाले के मार्गदर्शन में लेखा विभाग का नाम ऊंचा करने का प्रयास करेंगे.

### ठाणे में 2 फरवरी को राष्ट्रीय कवि सम्मेलन

**ठाणे.** शहर स्थित काशीनाथ घाणेकर नाट्यगृह में दो फरवरी को राष्ट्रभाषा विचार मंच और राजस्थानी सेवा समिति की ओर से भव्य राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम के संयोजक एड.दरम्यान सिंह बिष्ट ने पत्रकार परिषद में बताया कि कार्यक्रम में दिल्ली, जयपुर, इंदौर, उत्तरप्रदेश सहित देश के कोने कोने से आए कवियों और गीतकारों द्वारा वीर रस, हास्य रस और देश भक्ति के कविताएं प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का संचालन मंच सम्राट शशिकांत यादव (देवांश) करेंगे।

# भिवंडी में मनपा प्रशासक अजय वैद्य ने फहराया तिरंगा

■ **शहरवासियों को दी गणतंत्र दिवस की बधाई**



**भिवंडी.** 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनपा मुख्यालय प्रांगड़ में हुए भव्य समारोह में प्रशासक तथा आयुक्त अजय वैद्य ने राष्ट्रध्वज फहरा कर तिरंगे को सलामी दी.उन्होंने शहरवासियों, अधिकारियों, कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं.गणतंत्र दिवस के ध्वजारोहण पर्व मौके पर अतिरिक्त आयुक्त विठ्ठल डाके, उपायुक्त शैलेश दोंदे, बालकृष्ण क्षीरसागर, प्रणाली घोंगे, डॉ.अनुराधा बाबर, शहर अभियंता जमीर पटेल, मुख्य लेखा परीक्षक मयूर हिंगाणे,अतिरिक्त शहर अभियंता सचिन नाईक, प्रभारी जलापूर्ति अभियंता संदीप पटनावर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे.आयुक्त अजय वैद्य ने सभी के साथ संविधान की प्रस्तावना का पाठ सहित पर्यावरण संरक्षण व तंबाकू मुक्त भारत की शपथ दिलाई. आयुक्त वैद्य ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा और शिवाजी चौक स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की. मराठी भाषा पखवाड़े के अंतर्गत ग्रंथ प्रदर्शन और ग्रंथ दिंडी का उद्घाटन किया और मराठी साहित्य को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया. गणतंत्र दिवस मौके पर मनपा ने नए आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया. महात्मा ज्योतिबा फुले नगर में ‘हिंदुहृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना’ का उद्घाटन भी किया गया.आयुक्त ने नागरिकों से स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठाने की अपील की.गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.मनपा सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को आयुक्त वैद्य द्वारा प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया.भिवंडी शहर स्थित जकात नाका स्थित स्व आनंद दिघे चौक पर भाजपा विधायक महेश चौगुले ने भारत माता का पूजा अर्चना कर गणतंत्र मनाया जिसमें भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं शहर के गणमान्य नागरिक भारी तादाद में शामिल हुए.शहर स्थित प्रांत कार्यालय सहित पुलिस उपायुक्त कार्यालय, तहसीलदार,रिमांड होम,राजनैतिक दलों,शिक्षण संस्थान प्रमुखों सहित कई व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में झंडा फहराकर सलामी दी गई.

### 2 चोर गिरफ्तार, 21.45 लाख रुपये के तांबे के पाइप जब्त

**भिवंडी.** नारपोली पुलिस ने 2 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से 21.45 लाख रुपये मूल्य के तांबे के पाइप जब्त किए हैं. नारपोली पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि, भिवंडी कल्याण मार्ग पर टेंपो में लेकर तांबे का पाइप 2 लोग किसी भंगार वाले को बेचने की फिराक में हैं पुलिस ने तत्परता से जाल बिछाकर तांबे के पाइप को बेचने की फिराक में जुटे 2 शातिर चोरों को धर दबोचा और टेंपो को जब्त किया. पुलिस की तहकीकात में गिरफ्तार चोरों ने पड़घा में 2 और नारपोली पुलिस हद में 3 घरों में चोरी किया जाना कबूल किया है.उक्त जानकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जनार्दन सोनवणे ने दी है.

# SST कॉलेज का 'गुंज': जोश से भरे युवाओं का सांस्कृतिक उत्सव





**उल्हासनगर:** एसएसटी आर्ट्स एंड कॉमर्स कॉलेज का बहुप्रतीक्षित वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'गुंज' इस बार उल्हासनगर-3 के टाउन हॉल में भव्य और शानदार रूप में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों के जबरदस्त उत्साह से भरपूर इस महोत्सव ने पूरे उल्हासनगर शहर को एक नई रंगत दी।

'गुंज' में नृत्य, गायन, नाटक, फैशन शो जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं ने माहौल में चार चांद लगाए। छात्रों ने इन प्रतियोगिताओं का भरपूर आनंद लिया और अपनी कला व प्रतिभा को खुले दिल से प्रदर्शित किया। इस अवसर पर ठाणे ट्रैफिक डिवीजन के डीसीपी पंकज शिरसाट, उल्हासनगर नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त डॉ. किशोर गवस, उपायुक्त अजय साबले, विधि अधिकारी राज बुलानी, खेल अधिकारी शांताराम चौधरी, आरजीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल की प्रधानाचार्या जूलिएट कुटिन्हो, सत्यसाई हाई स्कूल की प्रधानाचार्या जॉली जोश कचापिल्ली, महात्मा ज्योतिबा फुले माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र गवली जैसे प्रमुख अतिथियों के साथ-साथ एसएसटी कॉलेज के चेयरमैन और संस्थापक प्राचार्य डॉ.पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी इ. गणमान्य अतिथी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में अतिथियों के हाथों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों, एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) और डीएलएलई के विशेष उपक्रमों में योगदान देने वाले छात्रों, और मुंबई विश्वविद्यालय के युवा महोत्सव में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। महोत्सव के पहले पूरे हफ्ते कॉलेज में डेनिम डे, ग्रुप डे, हैलोवीन डे और ट्रेडिशनल डे मनाए गए। छात्रों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के लिए मेहंदी, रंगोली, कार्टूनिंग, पोस्टर मेकिंग, भाषण और वाद-विवाद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। साथ ही, 'जिगर' खेल प्रतियोगिताओं में शतरंज, कैरम, रस्साकशी जैसे खेलों में छात्रों ने जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। महोत्सव की खासियत थी 'एसएसटी चैंपियनशिप ट्रॉफी', जिसे सीनियर कॉलेज में बीएमएस विभाग ने और जूनियर कॉलेज में कॉमर्स विभाग ने जीता।

इस भव्य महोत्सव का सफल आयोजन संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी और आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में संजीवनी सांस्कृतिक समिति के प्रमुख डॉ. तुषार वाकसे और सभी प्राध्यापकों व स्वयंसेवी छात्रों के प्रयासों से किया गया।

# मौज-मस्ती के लिए लाखों की चोरी

■ **इलेक्ट्रानिक शॉप का कर्मचारी पकड़ा गया**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के एक इलेक्ट्रानिक गोडाउन में कार्य करने वाले कर्मचारी ने लाखों रुपयों के इलेक्ट्रानिक सामानों की चोरी की है. शॉप मालिक द्वारा अंबरनाथ पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के बाद पुलिस ने चोर कर्मचारी रोहित गुरव को गिरफ्तार करके उसके पास से एक लाख का सामान भी बरामद कर लिया है.

अंबरनाथ कानसई सेक्शन एमपी गेट के पास भारत पूरणलाल आचरा का इलेक्ट्रानिक वस्तु रखने का गोडाउन है. इस गोडाउन में रोहित दयाराम गुरव (23) गत 4 वर्षों से काम करता है. गत कुछ महिने से भारत आचरा के गोडाउन से महंगी वस्तुओं की चोरी हो रही थी. उनके संज्ञान में आने के बाद आचरा ने कर्मचारी रोहित गुरव के खिलाफ पुलिस में अपराध दर्ज कराया. रोहित सामान की चोरी करके अपने मोबाइल में फोटो डालकर उसके ग्राहकों को बेचता था. ऐसा क्राइम निरीक्षक किशोर शिंदे ने बताया है. चोर गुरव ने 50 हजार का एप्पल कंपनी का लैपटॉप, इवीएम कंपनी के 32 व 18 जीबी के मेमोरी कार्ड, 33 हजार का वायफाय कैमरा, इयर बड्स, हेडफोन, पेन ड्राइव, यूएसबी चार्जर, कुलिंग पैड, 14 हजार का ड्रोन कैमरा, पॉवर बैंक, 20 हजार का हार्ड डिस्क, मोबाइल चार्जर लैपटॉप कुल सवा दो लाख रुपयों का इलेक्ट्रानिक सामानों की चोरी की थी. जिसमें से 1 लाख रुपए का सामान पुलिस ने बरामद कर लिया है. रोहित ने पुलिस को बताया कि वह मौज-मस्ती के लिए चोरी करता था.

### शोक सभा का आयोजन

**ठाणे.** काशीविश्वनाथ ट्रस्ट की ओर से आचार्य पंडित जयप्रकाश मिश्रा(व्यास महराज) अचानक तीर्थराज प्रयाग में दिल का दौरा पड़ने से स्वर्गवास हो गया।स्वर्गवास होने की खबर चलते ही शोक की लहर दौड़ गई।लगभग 25 साल से काशीविश्वनाथ ट्रस्ट में भगवान शिव की पूजा अर्चना करते आ रहे थे।40 सालों से तीर्थराज प्रयाग में एक महीने का कल्पवास करते थे।ट्रस्ट के अध्यक्ष रामजीत यादव व सुनील यादव के अगुवाई में ट्रस्ट के प्रांगण में उनकी प्रतिमा पर पुष्प हार अर्पित कर श्रद्धांजली बड़ी संख्या में लोगों ने दिया।

# खुशी कपूर ने करवाई प्लास्टिक सर्जरी



बोनी कपूर और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर फिल्म लवयापा के जरिए बड़े पर्दे पर डेब्यू करने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ आमिर खान के बेटे जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म 7 फरवरी 2025 को रिलीज होगी।

एक्ट्रेस इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में बिजी हैं। अगर आप खुशी कपूर की पुरानी और अभी की तस्वीर देखेंगे तो आप पाएंगे कि उनके चेहरे में काफी बदलाव हुआ है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ये स्वीकार किया कि उन्होंने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है। खुशी कॉस्मेटिक सर्जरी को लेकर काफी वोकल हैं और उन्होंने ये बात पब्लिकली स्वीकार की कि उन्होंने नोज जॉब और लिप फिलर्स करवाए हैं।

कर्ली टेल्स से बातचीत में खुशी ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि ये कोई बड़ी बात है। मुझे लगता है कि ये जो टर्म प्लास्टिक है लोगों को लगता है कि ये किसी के लिए सबसे बड़ा अपमान है।'

**मुझे लोगों की अटेंशन चाहिए थी - खुशी**

खुशी ने अपनी बॉलीवुड जर्नी पर बात करते हुए कहा कि इंडस्ट्री में कदम रखने से पहले लोगों की धारणा थी कि मैं कैसी हूं और कौन हूं। इसमें से ज्यादातर निगेटिव चीजें थीं। एक्ट्रेस ने ये भी बताया कि वो एक अटेंशन सीकर थीं और चाहती थीं कि लोग उन्हीं को देखें।

खुशी ने बताया कि उन्होंने कुछ दिनों पहले ही अपनी आई ब्रोज का नैनो ब्लेड ट्रीटमेंट करवाया था। उनकी भौहें बहुत मोटी हैं लेकिन ध्यान से देखने पर उन्होंने नोटिस किया कि उनमें बहुत गैप है इसलिए उन्होंने इस भरवा लिया। खुशी कपूर ने साल 2023 में नेटफ्लिक्स ओरिजिनल द आर्चीज से सुहाना खान, अगस्त्य नंदा के साथ डेब्यू किया था। इस फिल्म का निर्देशन जोया अख्तर ने किया था। वहीं उनके साथ नजर आ रहे जुनैद खान ने भी इसी साल नेटफ्लिक्स फिल्म महाराज से डेब्यू किया था।


## PUBLIC NOTICE

Public at large is hereby informed that our son Umesh Mahesh Gangwani, is staying alongwith his family members viz: Mrs Mannat (Kiran) Gangwani and Dheer M Gangwani (son) in the property viz: Sea Green, Landscape Heritage, A Wing, Flat No 1302, Palegaon, Ambernath, which is jointly owned by us, Umesh M Ganwgani has got no ownership or co-ownership right, share, title over the said flat or any of other properties owned by us, if any person or In-laws of our son make/s any kind of transaction in respect of aforesaid flat or any other property owned by us, in such case he/she will be solely held responsible, We shall not be held responsible nor liable in any manner, which please take note.

Sd/-
**Mahesh Gokaldas Gangwani**
**Mrs Renu Mahesh Gangwani.**
Sea Green Flat No 102,
Kurla Camp Road, Ulhasnagar 421 004.

## STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

## PUBLIC NOTICE

**TERMINATION / CANCELLATION OF DEVELOPMENT AGREEMENT OF CENTURY RAYON EMPLOYEES CHS WITH M/S ROY & ASSOCIATES**

The General Public at large is hereby Informed that Development Agreement between Century Rayon Employees Co-operative Housing Society Ltd Survey No. 184, Hissa No. (Part) 184/2009, Ulhasnagar -3, Shahad, Dist. Thane C- Block, Ulhasnagar-421003And Developer M/s Roy & AssociatesAmbernath (E),has been terminatedthrough Arbitration Award passed Dt. 30/04/2023 by the Learned Sole Arbitrator Shri Pramod Ramchandra Arjunwadkar (appointed by honorable Justice Shri A. K. Menon Bombay High Court).

By the above Arbitration order Dt. 30/04/2023 all Agreements Power of Attorneys & Deedof Consentsentered by Century Rayon Employees CHS to M/s Roy & Associates (Prop MrSurogeet Roy)stands terminated / Cancelled. and thus Century Rayon Employees Co-operative Housing Society Ltd. Is now entitled solely to deal with any third party in respect of Property Survey No. 184, Hissa No. (Part) 184/2009, Ulhasnagar -3, Shahad, Dist. Thane.

Public is hereby informed that M/s Roy and Associates has no rights to interfere lawful possession and ownership/ Development in respect of said land, if anyone deal or execution of agreement or contract by M/s Roy and Associates with any 3rd party or firm or company is /shall be treated as Null &void, not binding on Century Rayon Employees CHS Ltd. Century Rayon Employees CHS also reserves its rights for its various claims against M/s Roy & Associate for it various rent dues & defaults as per the directions of above Arbitration Order.

**SCHEDULE OF PROPERTY**

All that piece and parcel of property known as Survey No. 184, Hissa No. (Part) 184/2009, Ulhasnagar -3, Shahad, Dist. Thane.

Sd/-
**Secretary**


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099